बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

Email- bvapatna@gmail.com

डॉ० राय चन्द्र पासवान
अध्यक्ष
मो० 9471867310

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083

पत्रांक- 51 दिनांक- 07/06/2020

सेवा में,

माननीय मंत्री महोदय,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :—वर्ष 2009 एवं उसके बाद से संविदा पर कार्यरत पशुचिकित्सक, जो मार्च 2019 में अपने पूर्व से कार्यरत स्थल पर नियमित सेवा में बहाल हुए, को उनके व्यक्तिगत अनुरोध पर उन्हें भी स्थानांतरण नीति 2020 में शामिल करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में सादर निवेदन करना है कि वर्ष 2009 एवं उसके बाद विभाग में संविदा पर पशुचिकित्सकों की बहाली की गई थी। संविदा में स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं होने के कारण सभी पशुचिकित्सक एक ही स्थान पर विगत 8–9 वर्षो से कार्यरत थे। मार्च 2019 में भी जब नियमित बहाली हुई तो उसमें सिर्फ उन्हीं लोगों का स्थान परिवर्त्तन किया गया, जो अपने गृह जिला में पदास्थापित थे। एक दशक में बहुत सारी स्थितियाँ / जिम्मेदारियाँ बदल जाती है, जिसके कारण अनावश्यक कष्ट एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि वैसे पशुचिकित्सक जो संविदा से नियमित बहाली तक में आज तक एक ही स्थान पर कार्यरत हैं; अगर पारिवारिक या अन्य किसी कारणों से स्थानांतरण चाहते हैं तो कृपया उचित कारणों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके आवेदन पर उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

BMukta
07/06/2020

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव